# कार्यालय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, शाहजहाँपुर

**प्रशासनिक आदेश संख्या – 138 /2020**

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 1117/LXXXVII-CPC/e-Courts/ इलाहाबाद दिनांकित 03.06.2020 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायालय शाहजहाँपुर दिनांक 08.06.2020 से कार्य सम्पादन हेतु निर्देशित कार्य योजना के अनुसार प्रशासनिक आदेश संख्या 121/2020 दिनांकित 04.06.2020 में निर्देशित कार्ययोजना के अनुसार कार्यशील है। माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 1293/LXXXVII-CPC/e-Courts/ इलाहाबाद दिनांकित 16.07.2020 द्वारा पूर्वोक्त निर्देशित कार्ययोजना में आंशिक संशोधन किया गया है। माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार न्यायालयों को कार्य सम्पादन हेतु खोले जाने के सम्बन्ध में जनपद न्यायालय की कोरोना समिति तथा सुरक्षा व अनुपालन समिति के न्यायिक अधिकारियों के साथ कृत बैठक दिनांकित 17.07.2020 में लिये निर्णयों के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार दिनांक 17.07.2020 से अग्रिम आदेश तक के लिये निम्नवत संशोधित कार्य योजना प्रस्तावित एवं लागू की जाती है –

1. माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 1117/LXXXVII-CPC/e-Courts/ इलाहाबाद दिनांकित 03.06.2020 में दिये गये निर्देशों के प्रस्तर 01 में निर्देशित संशोधन के अनुसार इस न्यायिक अधिष्ठान के सभी न्यायालयों (बाह्य न्यायालय तिलहर, पुवायाँ एवं जलालाबाद को सम्मिलित करते हुये) द्वारा न्यायिक कार्य एवं प्रशासनिक मामलों का निस्तारण, विचारण मामलों में साक्षियों के साक्ष्यांकन को छोड़कर, इस हेतु विद्यमान उपबन्धों, नियमों, समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों एवं परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा। यदि किसी न्यायालय को किसी विचारण मामले में साक्ष्यांकन की अत्यावश्यकता परिलक्षित होती है तो उक्त मामले में साक्ष्यांकन की विशिष्ट अनुमति अधोहस्ताक्षरी के विवेकाधीन होगी, जोकि प्रत्येक वाद के आधार पर ही तय की जायेगी।
2. राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार इस न्यायिक अधिष्ठान के सभी न्यायालयों (बाह्य न्यायालय तिलहर, पुवायाँ एवं जलालाबाद को सम्मिलित करते हुये) दिन शनिवारों एवं रविवारों को बन्द रहेंगे तथा माननीय उच्च न्यायालय के संकल्प/रिजोल्यूशन दिनांकित 02.05.2020 व 25.03.2020 का इस अवधि में अनुपालन किया जायेगा। इस अवधि में जनपद न्यायालय परिसर एवं बाह्य न्यायालय परिसरों का सम्पूर्ण सेनेटाइजेशन किया जायेगा। कोरोना समिति एवं बाह्य न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण तदर्थ अनुपालन सुनिश्चित करें।
3. न्यायालयों के कार्यशील होने के सम्बन्ध में शेष दिशा–निर्देश, माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 1117/LXXXVII-CPC/e-Courts/ इलाहाबाद दिनांकित 03.06.2020 एवं प्रशासनिक आदेश संख्या 121/2020 दिनांकित 04.06.2020 में प्रस्तावित उपबन्धों के अनुसार ही, लागू होंगे।

आदेश की प्रति समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य परिचालित की जाये।

आदेश की एक–एक प्रति जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कारागार अधीक्षक, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन को प्रेषित की जाये तथा सार्वजनिक सूचना पटल, न्यायालय के विभिन्न गेटों, बाह्य न्यायालयों के सूचना पटल इत्यादि पर चस्पा करायी जाये।

आदेश की प्रति जनपद न्यायालय की कम्प्यूटर वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये।

आदेश की एक प्रति सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को इस कार्य–योजना के प्रचार प्रसार एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाये। इस आदेश की एक प्रति जिला सूचना अधिकारी को सम्पूर्ण कार्ययोजना के समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

इस कार्य योजना/आदेश की एक प्रति माननीय उच्च न्यायालय को अवलोकनार्थ सादर प्रेषित की जाये।

Sharma 17/07/2020

**जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,**
शाहजहाँपुर।

दिनांक – 17.07.2020

Scanned with CamScanner

